(i) Printed Pages: 3 Roll No. ................................

(ii) Questions : 4 **Sub. Code : 1 7 7 0 5**

**Exam. Code : 0 0 0 9**

**B.A./B.Sc. (Hons.) 5th Semester**

**(2124)**

**HINDI**

**Paper–III(A)**

**Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 90**

नोट :— (1) प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें।

(2) उत्तर साफ़-सुथरे और सार्थक लिखें। अनर्गल विस्तार से बचें।

1. निम्नलिखित की संदर्भ एवं काव्य-सौन्दर्य सहित व्याख्या कीजिए :—

(क) बोझिल अनिश्चितता से वातावरण में सफर कटने लगा। रात गहराने लगी थी। डिब्बे में मुसाफिर स्तब्ध और शंकित ज्यों-के-त्यों बैठे थे। कभी गाड़ी की रफ्तार सहसा टूटकर धीमी पड़ जाती तो लोग एक-दूसरे की ओर देखने लगते। कभी रास्ते में ही रुक जाती थी तो डिब्बे का सन्नाटा और भी गहरा हो उठता।

**अथवा**

और भतीजा अभी कुछ कहे कि न कहे, बूढ़ा बोले जा रहा था, "मुझे अपनी मिट्टी में ही मरने दो। वीरजी, तुम्हें मेरा ध्यान आया, तुम इतनी दूर से मुझे फिर लेने चले आए, पर मुझे माफ कर दो। मैं नहीं जाऊंगा। मरने पर मेरे मुहं में गंगाजल डालने वाले यहां बहुत हैं। मुझे फूंक आएंगे।"

(ख) आज भी जब कोई रंगीन कपड़ों के प्रति विरक्ति के संबंध में कौतुक भरा प्रश्न कर बैठता है, तो वह अतीत फिर वर्तमान होने लगता है। कोई किस प्रकार समझे कि रंगीन कपड़ों में जो मुख धीरे-धीरे स्पष्ट होने लगता है, वह कितना करुण और कितना मुरझाया हुआ है। कभी-कभी तो वह मुख मेरे सामने आने वाले सभी करुण क्लांत मुखों में प्रतिबिंबित होकर मुझे उसके साथ एक अटूट बंधन में बांध देता है।

**अथवा**

दूसरों की आँखों का अमंगल चाहने से किसी की पवित्रता की रक्षा नहीं होती, क्योंकि वास्तविक पवित्रता का प्रमाण तो यही है कि मलिन-से-मलिन दृष्टि भी उसका स्पर्श कर पवित्र हो जावे, इस सत्य को समझना सहज ही नहीं था, पर लछमा को मेरे कथन के सूक्ष्म भाव तक पहुँचने में कठिनता नहीं हुई। तब से उसके धूप-दीप में अपनी ही नहीं, सबकी कल्याण-कामना रहती है। 10+10=20

2. (क) 'समाधि भाई रामसिंह' कहानी के केन्द्रीय पात्र का चारित्रिक मूल्यांकन कीजिए।

**अथवा**

'मालिक का बंदा' कहानी के सार को समझाते हुए कहानी की संवेदना को स्पष्ट कीजिए। 15

(ख) 'रामा' संस्मरण में लेखिका ने 'रामा' की कौन-कौन सी चारित्रिक वैशिष्टताएं उजागर की है ?

**अथवा**

संस्मरणात्मक रेखाचित्र के तत्वों के आधार पर 'अलोपी' संस्मरण का मूल्यांकन कीजिए। 15

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें :—

(क) बिंब का साहित्य में क्या महत्व है और उसके भेदों को उदाहरण देकर समझाइए।

(ख) शब्द-शक्ति से क्या अभिप्राय हैं ? शब्द-शक्ति के भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ग) प्रतीक का अर्थ और परिभाषा समझाते हुए उसके भेदों को उदाहरण सहित समझाए।

(घ) रसावयवों को स्पष्ट करते हुए करुण एवं शांत रसों को उदाहरण देकर समझाए। 2×15=30

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखें :—

(क) 'सलमा आपा' के चरित्र की दो विशेषताएं लिखिए।

(ख) 'वांगचू' कहानी का मुख्य पात्र कौन है ? उसकी विशेषताएं लिखें।

(ग) 'गंगो का जाया' कहानी की मूल संवेदना क्या है ?

(घ) 'अतीत के चलचित्र' के लेखक कौन है ? इसमें आए बाल-जीवन के उपेक्षित संस्मरणों के नाम लिखिए।

(ङ) 'भाभी' संस्मरण की मूल संवदेना समझाइए।

(च) श्रंगार रस की परिभाषा और उसके भेद लिखिए।

(छ) बिंब और प्रतीक में मूल अंतर क्या होता हैं ?

(ज) शब्द-शक्ति के भेद लिखिए। 5×2=10